SAVIDHI-DANMAHĀVIDYĀSTROTRASAṀGRAHA (2)

Tantra

ॐ ह्रीं

सविधि
दश-महाविद्या-स्तोत्र-संग्रह

(भाग २)

श्रीतारा-स्तव-मञ्जरी

मान्य सम्पादक

'कुल-भूषण' पण्डित रमादत्त शुक्ल, एम० ए०

सम्पादक

ऋतशील शर्मा, एम० ए०

प्रथम संस्करण : : पौष पूर्णिमा २०४० वि० : : जनवरी ८४

अ नु क्र म णि का

॥ प्रार्थना ॥

श्यामा वत्सतया करोतु कुशलं तारा तनोतु श्रियम् ।
दीर्घायुर्भुवनेश्वरी वितनुतां विघ्नं हरेत् षोडशी ॥
भैरव्यस्तु कुलावहा रिपु-कुलं सा छिन्नमस्ता हरेत् ।
मातङ्गी बगला-मुखी च कमला धूमावती पातु नः ॥

	प्राक्कथन	तीन
१	आरती	सात
२	पञ्च-श्लोकी प्रातः-स्मरणम्	१
३	श्री उग्र-तारा कवचम्	२
४	श्रीतारा-गुह्य-कवचम्	६
५	श्रीतारा-दिव्य-कवचम्	८
६	श्रीतारा-त्रैलोक्य-विजय-कवचम्	१३
७	त्रैलोक्य-मोहनं श्रीतारा-कवचम्	२४
८	श्रीउग्रतारा-हृदयम्	२७
९	श्रीताराष्टक-स्तोत्रम्	३०
१०	श्रीतारा-कर्पूर-स्तोत्रम्	३३
११	सारस्वत-प्रदं श्रीतारा-स्तोत्रम्	३७
१२	श्रीतारिणी-शत-नाम-रहस्य-स्तोत्रम्	३९
१३	श्रीतारोपनिषत्	४१
१४	श्रीनील-तारा अष्टोत्तर-शत-नाम-स्तोत्रम्	४२
१५	श्रीमहोग्रतारा क्रोधोपशमनं सहस्रनाम स्तोत्रम्	४६

प्रकाशक

पं० देवीदत्त शुक्ल स्मारक

शक्ति साधना पीठ

प्रयाग-६

मूल्य १२-०० रु० । सजिल्द मूल्य २०-०० रु०

प्राक्कथन

[१]

'कौल-कल्पतरु' पण्डित देवोदत्त शुक्ल के निर्देशन में प्रवर्त्तित 'सिद्ध-स्तोत्र-माला' के अन्तर्गत द्वितीया महा-विद्या श्रीतारा के स्तोत्रादि का संग्रह 'श्रीतारा-स्तव-मञ्जरी' का प्रकाशन सम्वत् २०१३ में किया गया था। अनेक वर्षों से वह अप्राप्य थी और साधक बन्धु उसकी बराबर मांग कर रहे थे। अतः उसे परिवर्धित रूप में पुनः प्रकाशित किया जा रहा है। प्रथम संस्करण में कुल १२ स्तोत्रादि थे, जब कि इस संस्करण में १५ स्तोत्रादि हैं।

भगवती तारा का प्रातःस्मरण स्तोत्र उपलब्ध नहीं था। हमारे अनुरोध से 'कौल-कल्पतरु' शुक्ल जी के शिष्य एवं वयोवृद्ध पूर्णाभिषिक्त साधक कौलाचार्य पण्डित काशीप्रसाद शुक्ल जी शास्त्री द्वारा "पञ्चश्लोकी प्रातः स्मरण" की रचना की गई और पहले पहल उसका प्रकाशन इस संग्रह के आदि में किया गया है। आशा है, उपासक बन्धु इसका उपयोग कर लाभान्वित होंगे।

इस संग्रह के अधिकांश स्तव भैरव कुण्ड, विन्ध्याचल (उ० प्र०) के ब्रह्मीभूत स्वामी अक्षोभ्यानन्द सरस्वती की कृपा से प्राप्त हुये थे। यहां हम उनकी पुण्य स्मृति में हार्दिक श्रद्धाञ्जलि अर्पित करते हैं।

पूज्य 'कौल-कल्पतरु' शुक्ल जी के अनन्य शिष्य एवं वरिष्ठ पूर्णाभिषिक्त साधक 'कुल-शेखर' श्रीमहेशचन्द्र गर्ग, प्रयाग (उ० प्र०) ने स्तोत्रों के पाठ के शुद्धीकरण में हमारी सहायता की है और सागर (म० प्र०) के श्रीभैरवानन्दनाथ जी ने 'क्रोधोपशमनं' नामक सहस्रनाम को दुर्लभ पांडुलिपि हिन्दी व्याख्या सहित प्रकाशनार्थ भेजने की कृपा की। यह सहस्रनाम पहली बार प्रकाश में आ रहा है। इन दोनों महानुभावों के हम हृदय से कृतज्ञ हैं।

इस संग्रह में प्रकाशित अधिकांश साहित्य 'शाक्त-प्रमोद,' 'मन्त्र-महार्णव', 'वृहत् तन्त्र-सार', 'तन्त्र-दीपिनी' (अप्रकाशित) आदि ग्रन्थों में बिखरा हुआ है। प्रकाशित ग्रन्थों में न तो वांछित शुद्ध रूप में मुद्रण हुआ है और न हिन्दी में अर्थ दिया गया है। इस संस्करण में यथाशक्ति सारे साहित्य को शुद्ध रूप में और हिन्दी व्याख्या सहित प्रकाशित किया गया है। संग्रहस्थ साहित्य के पारायण करनेवाले बन्धु स्वयं इस विशेषता को अनुभव करेंगे, ऐसी आशा है।

[२]

यहाँ महाविद्या तारा को साधना के सम्बन्ध में कुछ विवरण देना उचित प्रतीत होता है। 'रुद्र-यामल' के सत्रहवें पटल में और 'ब्रह्म-यामल' के पहले और दूसरे पटल में महर्षि वशिष्ठ-द्वारा की गई तारा महाविद्या की साधना का जो विवरण दिया है, उससे मालूम होता है कि प्राचीन काल में ब्रह्मा के मानस-पुत्र वशिष्ठ ने पिता से तारा-मन्त्र की दीक्षा लेकर सिद्धि-लाभ की आकांक्षा से नीलाचल पर कामाख्या-योनि-मण्डल (वर्तमान कामाख्या-तीर्थ) में कठोर तपस्या की किन्तु दश सहस्र वर्षों तक आराधना करने पर भी उन्हें संसार-तारिणी तारा का अनुग्रह प्राप्त नहीं हुआ। इस पर वशिष्ठ कुपित होकर पिता के समीप गये और उनसे अन्य मन्त्र ग्रहण करने की अभिलाषा प्रकट की। साथ ही वशिष्ठ ने

अपनी कठिन तपस्या का वृत्तान्त इस प्रकार कह सुनाया—'हे पिता, आपने यह दुराराध्या विद्या मुझे क्यों प्रदान की ? हविष्यान्न का भोजन करते हुये मैंने नीलाचल पर एक सहस्र वर्षों तक आराधना की, किन्तु तारिणी की मुझ पर कृपा नहीं हुई। फिर मैंने प्रतिदिन चुल्लू भर जल पीते हुये एक सहस्र वर्षों तक देवी की साधना की, परन्तु उसकी कृपा नहीं मिली। इसके बाद निराहार रहते हुये एक पैर पर सीधे खड़े रहकर तारा-मन्त्र का जप करते-करते आठ सहस्र वर्ष और बिताये, परन्तु फिर भी उस अकरुणा की करुणा संचारित नहीं हुई। हे प्रभो ! इस प्रकार दश सहस्र वर्षों तक कामाख्या योनि-पीठ में परमेश्वरी तारा की समाराधना करने पर भी आज तक उसका अनुग्रह प्राप्त नहीं हुआ। अतएव बड़े दुःख के साथ इस दुःसाध्य विद्या को छोड़ता हूँ।'

लोक-पितामह ब्रह्मा वशिष्ठ को सांत्वना देते हुये तारा के माहात्म्य का वर्णन करने लगे—'तारा-विद्या के समान तीन लोकों में और कोई विद्या नहीं है। इनको छोड़कर तुम और दूसरी किस विद्या को ग्रहण करोगे ? इस तारा देवी के अनुग्रह से मैं चौदह भुवनों की रचना और चार वेदों की व्याख्या अनायास करता हूँ। इसी भुवन-तारिणी विद्या की समाराधना करके तत्व-ज्ञान प्राप्तकर विष्णु जगत् का पालन करते हैं। प्रलय-काल में महादेव तारा की ही समाराधना करके रुद्र-मूर्ति धारण कर अखिल जगत् का संहार करते हैं। वह नीला देवी (तारा) परमा शक्ति है, वह जीव का समस्त संकटों से परित्राण करती है, वह करोड़ों सूर्यों की प्रभा के समान प्रकाशवान और करोड़ों चन्द्रों के समान सुशीतल है। वह महाकाल-पत्नी तारा करोड़ों विद्युत्-लतिकाओं के समान ज्योतिर्मयी है। तारा भुवनों का त्राण करतेवाली और ब्रह्म-ज्ञान-मयी है। अनुद्विग्न—शांत-चित्त से उसके श्रीचरणों की आराधना करो। हे वत्स वशिष्ठ ! नीलाचल पर पुनः जाकर कामाख्या-योनि-मण्डल में तारा-महाविद्या की साधना में प्रवृत्त हो। शीघ्र ही तुम्हें सिद्धि प्राप्त होगी, इसमें सन्देह नहीं।'

ब्रह्मा के निर्देशानुसार वशिष्ठ नीलाचल पर जाकर शौचाचार-परायण होकर फिर तपस्या में लग गये, किन्तु एक सहस्र वर्षों तक परम मन्त्र का जप और इष्टदेवी का ध्यान करने पर भी उन्हें महादेवी के पाद-पद्मों के दर्शन सुलभ नहीं हुये। इस पर महामुनि वशिष्ठ क्रोध से प्रज्वलित होकर तारा-देवी को शाप देने को उद्यत हुये। सहसा समौल वन-कानना वसुन्धरा कम्पित हो उठी, देव-गण में महा हाहाकार की ध्वनि मच गई। वशिष्ठ ने दो बार आचमन करके देवी को अभिशाप दिया कि वह फलदा नहीं होगी।

अकस्मात् कुलेश्वरी महा-विद्या तारा वशिष्ठ के सम्मुख आविर्भूता होकर उनसे बोलीं—'मेरा तत्व न जानते हुये विरुद्धाचार ग्रहण कर तुमने इतने समय व्यर्थ ही श्रम किया। तुम मेरी पूजा जानते नहीं हो, न तुम मेरे कुलागम की चिन्ता जानते हो। योगाभ्यास के द्वारा मेरे पाद-पद्मों का दर्शन कैसे करोगे ? चीनाचार के बिना मैं कदापि प्रसन्न नहीं होती। मेरी आराधना केवल बुद्ध-रूपी विष्णु ही जानते हैं, और कोई दूसरा ठीक-ठीक उसे नहीं जानता। हे सुव्रत, उन्हीं के उपदिष्ट आचार से मेरी आराधना करो। तब मैं तुम पर प्रसन्न होऊँगी, सन्देह नहीं। तुम अर्थववेदानुगामी बौद्ध देश महा चीन को जाओ। वहाँ जाकर महा-भाव-मय मेरे पाद-पद्मों का दर्शन करते हुये तुम मेरे कुलज्ञ और महा-सिद्ध हो जाओगे।' वशिष्ठ को इस प्रकार निर्देश देकर भगवती तारा अन्तर्हिता हो गईं।

अनन्तर महा-मुनि वशिष्ठ तारा महाविद्या की साधना की आचार-पद्धति जानने के लिये महा-चीन (तिब्बत) की यात्रा पर चल पड़े। उन्होंने हिमालय के पार्श्व में बुद्धदेव के दर्शन किये। शाक्यमुनि

गौतम बुद्ध कलियुग में आविर्भूत हुये थे। पूर्व-काल में दीपशर, कौंतिल्य, मंगल इत्यादि नाम-धारी अन्य ३२४ बुद्ध प्रादुर्भूत हुये थे। 'बुद्ध-वंश' नामक पाली ग्रन्थ में इनका विवरण दिया है।

वशिष्ठ ने देखा—रूप-यौवन-सम्पन्ना, मद्य-पान-रता, शृङ्गार-रसाविष्टा, भय-लज्जा-विहीना, देवी-ध्यान-परायणा सहस्र रमणियों-द्वारा परिवेष्टित होकर बुद्ध अवस्थित हैं। वे स्वयं मदिरा-पान से विह्वल होकर मन्द-मन्द दृष्टि का निक्षेप कर रहे हैं। बुद्ध के संगी सभी सिद्ध-गण दिगम्बर हैं।'

इस दृश्य को देखकर वशिष्ठ अतीव विस्मित हुये संसार-तारिणी तारा का स्मरण करके विचार करने लगे—'बुद्ध-रूपी विष्णु यह क्या कार्य कर रहे हैं।'

इसी समय हठात् आकाशवाणी हुई।

आचारः परमार्थोऽयं तारिणी-साधने मुने ! एतद्-रुद्ध-भावस्य मते नासौ प्रसीदति ॥
यदि तस्याः प्रसादं त्वमचिरेणाभिवांछसि। एतेन चीनाचारेण तदा त्वं भज सुव्रत ॥

'हे मुने ! तारिणी-साधन में यह आचार प्रशस्त है। इससे विरुद्ध भाव की साधना से तारादेवी प्रसन्न नहीं होती हैं। हे सुव्रत ! यदि तुम शीघ्र उनकी प्रसन्नता चाहते हो, तो चीनाचार-क्रम से उनकी अर्चना करो।'

इस आकाशवाणी को सुनकर वशिष्ठ बुद्ध-रूपी विष्णु के समीप गये और उनकी शरण ग्रहण की। उन्होंने प्रार्थना की कि—हे बुद्ध-रूप-धारी अव्यय महादेव ! सदा व्याकुल-चित्त, अतिदीन इस ब्रह्मा-पुत्र वशिष्ठ की रक्षा करो। महा-देवी की साधना के लिये मैं आया हूँ। आपके आचार को देखकर मेरे हृदय में शङ्काएँ उठती हैं। आपके घर में मद्य-पान, मांस-भोजन और स्त्री-सेवनादि कार्य सर्वदा अनुष्ठित होते हैं। यह किस प्रकार ?

बुद्ध ने उत्तर दिया—हे वशिष्ठ, मैं तुमको उत्तम कौल-मार्ग का उपदेश करता हूँ। तुम प्रसन्न मन से सुनो। इसके विज्ञान मात्र से साधक तत्क्षण ही रुद्र-रूप हो जाता है। हे मुने, तारिणी की साधना का यह आचार प्रकाशनीय नहीं है। तुम्हारी भक्ति के वश मैं इसका प्रकाश करता हूँ।

वशिष्ठ को चीनाचार का उपदेश करते हुये बुद्ध बोले—उच्च-स्तर की साधना के साधक को निम्न-स्तर के साधक-गण की तरह विधि-निषेध के अधीन होकर चलना नहीं होता। सब प्रकार के विकार-हेतुओं के बीच में रहते हुये भी साधक को निर्विकार रहना होता है, यही चीनाचार का गुह्य रहस्य है। इस स्तर की साधना में साधक को वाह्य स्नान, शौचाचार, जप और तर्पणादि अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं रहती। ये सभी व्यापार मानसिक भाव से किये जाते हैं—

स्नानादि मानसः शौचो मानसः प्रवरो जपः। पूजनं मानसं दिव्यं मानसं तर्पणादिकम्।

इस आचार की साधना के साधक के लिये सभी काल शुभ हैं, अशुभ काल नाम का कुछ नहीं है। दिवा, रात्रि, संध्या या महा-निशा की आराधना में कोई अन्तर नहीं है। इसमें शुद्धि और अशुद्धि की अपेक्षा नहीं है, मेध्य-अमेध्य का विचार नहीं है। बिना स्नान किये हुये अथवा भोजन कर चुकने की अवस्था में भी देवी की पूजा सर्वदा की जाती है। इस स्तर की साधना में साधक किसी से और विशेष कर नारी से द्वेष न करे। नारी की सदा पूजा करे। इस आचार के अनुष्ठान मात्र से साधक को भव-सागर में और डूबना नहीं होता। इससे समस्त शोक शान्त हो जाते हैं। यह आनन्द आदि विभूतियाँ प्रदान करता है। यह तत्व-ज्ञानमय और साक्षात् विमुक्ति-फल-दायक है।

बुद्ध-रूपी गुरु से उपदेश सुनकर वशिष्ठ 'कुल-मण्डल' के सम्पर्क में पहुँचे और पञ्च-तत्वों से बार-बार साधना करके पूर्ण योगी हो गये।

ऐसी जन-श्रुति है कि महा-मुनि वशिष्ठ ने बुद्धदेव से दीक्षा ग्रहणकर 'तारापुर' नामक स्थान में आकर सिद्धि-लाभ किया। पश्चिमी बंगाल के वीरभूम जिला में तारापुर गाँव है। इस स्थान में उत्तर-वाहिनी द्वारका नदी के किनारे 'तारा-पीठ' विख्यात है। यह एक सिद्धपीठ है। तारा-पीठ की अधिष्ठातृ देवी वशिष्ठ की आराधिता 'तारा' और भैरव 'चन्द्रचूड' हैं। 'तारापुर' के सम्बन्ध में योगिनी तन्त्र, छठे पटल में उल्लेख मिलता है—

'वक्रनाथ के ईशान-कोण में और वैद्यनाथ की पूर्व-दिशा में 'तारापुर' नामक एक नगर है। उस स्थान में शिला-मयी तारादेवी वर्त्तमान हैं। यत्नपूर्वक उस तीर्थ में जाये। वहाँ तीन लाख जप करने से सर्व-सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।'

तारापुर में वशिष्ठ द्वारा प्रतिष्ठित तारा-मूर्त्ति का जीर्ण अंश और उनके द्वारा स्थापित पञ्च-मुण्डासन आज भी साधक गण-द्वारा पूजा व समादर पाते हुये वर्त्तमान हैं। आधुनिक काल में वामाक्षेपा नामक विख्यात तांत्रिक साधक ने उक्त सिद्ध-पीठ में तारादेवी की साधनाकर सिद्धि-लाभ किया, जिनका अद्‌भुत चरित्र वंगदेश में विशेष रूप से प्रसिद्ध है। विक्रम सं० १८९१ में एक निष्ठावान् ब्राह्मण के परिवार में वामाक्षेपा का जन्म हुआ था। उनका पूर्वाश्रम का नाम वामाचरण भट्टाचार्य था। वे तारापुर के महाश्मशान के निकटवर्ती तारा-मन्दिर में निवास करते थे। विक्रम संवत् १९६८ में ७७ वर्ष की आयु में वामाक्षेपा इस धाम का त्याग करके तारा-पद में लीन हो गये।

[३]

भगवती तारा की साधना में सफलता पाने हेतु कौलाचार आवश्यक है, इसकी सूचना वशिष्ठ ऋषि के वृत्तान्त से तो मिलती ही है, साथ ही विविध स्तोत्रों की फल-श्रुतियों में विभिन्न प्रयोगों के जो संकेत मिलते हैं, उनसे भी इसी बात की पुष्टि होती है। यह सच है कि कौलाचार के अधिकारी वही होते हैं, जो वैदिकाचार, वैष्णवाचार, दक्षिणाचार आदि पूर्व आचारों के अभ्यास से संयम-नियमादि के पालन में समर्थ हो चुकते हैं। इसी से प्रस्तुत संग्रह में स्तोत्रों के हिन्दी-रूपान्तर देते समय विशिष्ट साधनाओं का स्पष्टीकरण नहीं किया गया है। अधिकारी साधक उन्हें सहज ही हृदयङ्गम कर सकेंगे, ऐसी आशा है।



मील सरस्वति मातु श्रोतारिणि माता, मां जय तारिणि माता।
सर्वेश्वरि विश्वेश्वरि, भुवनेश्वरि सुमनेश्वरि, सम्पति सर दाता।

जय देवि, जय देवि, प्रत्यालीढ-पदा, मां प्रत्यालीढ-पदा।
फुल्लेन्दीवर-लोचनि, फुल्लेन्दीवर-लोचनि, त्रि-नयनि सुर-वरदा। जय देवि, जय देवि० ॥१

एक-जटा कल-नादिनि, विद्या पर-गाता, मां विद्या पर-गाता।
अशरण-शरण विधाता, नभ सुर-सरि-पाता। जय देवि जय देवि० ॥२

रवि शशि वसु अम्बक त्रय, कर्ण-खचित कमला, मां कर्ण-खचित कमला।
पद्मज पत्र प्रमोहन, पद्मज पत्र प्रमोहन, पत्र-पालिनि प्रमिला। जय देवि, जय देवि० ॥३

गलित-चिकुर सुर-पर जर, हरिहर पर ब्रह्मा, मां हरिहर पर ब्रह्मा।
अलख अगोचर ऋषि-मुनि, अलख अगोचर ऋषि-मुनि, अरचित पद परमा। जय देवि० ॥४

ताटङ्कारुण वारुण, मणि-मुक्ता-माला, मां मणि-मुक्ता-माला।
गज-गंडज मणि फणि-मणि, गज-गंडज मणि फणि-मणि, चिन्तामणि माला। जय देवि० ॥५

नाक सुवासित झूलनि झूलत मुख अधरा, मां झूलत मुख अधरा।
पञ्च प्रपञ्चिन्ह रोकत, पञ्च प्रपञ्चिन्ह रोकत, आकर्षण मधुरा। जय देवि, जय देवि० ॥६

कङ्कण-नाग महा-छवि, मणि-भुज शिर माला, मां मणि-भुज शिर माला।
खड्ग कमल खप्पर कर, खड्ग कमल खप्पर कर, कर्तरि जग-पाला। जय देवि, जय देवि०॥७

कण्ठ महा-छवि शारद, वीण निनादिनि मां, पर-वीण निनादिनि मां।
स्वर-पर स्वर-मय स्वर-सर, स्वर-पर स्वर-मय स्वर-सर स्वर-वादिनि स्वर मां, जय देवि०॥८

प्रकृति कला परिपूरण, मध्य सुरम मोहन मां, मध्य सुरम मोहन।
गिरि-द्वय परम मनोहर, गिरि-द्वय परम मनोहर, बिच घाटी सोहन। जय देवि, जय देवि० ॥९

मुक्त सुमाल सरित सम, पय-सर गिरि शोभा, मां पय-सर वन शोभा।
भक्त पियावत तन मन, भक्त पियावत तन मन, जन पोषण ओभा। जय देवि, जय देवि० ॥१०

पञ्चक पञ्च प्रपञ्चक, पञ्च परा नाभी, मां पञ्च परा नाभी ।
तत्त्व-विमर्षणि पर-गुण, तत्व-विमर्षणि पर-गुण, गुण-तर परमाभी । जय देवि, जय देवि०॥११

रवि बहु अंड नखत गण, अगणित गति प्रसवे, मां अगणित गति प्रसवे ।
जननि महा-हरि-पोषणि, जननि महा-हरि-पोषणि, पोषणि छिन ग्रसवे । जय देवि० ॥१२

कलप-विरछ कदली-सम, उपम महा जंघा, मां उपम महा जंघा ।
जानु-द्वय गज-गंडक, जानु-द्वय गज-गंडक, ध्यावत सुर-संघा । जय देवि, जय देवि० ॥१३

मणिपुर-पद्म सुधा-सर, सरज चरण पोती, मां सरज चरण पोती ।
नख मणि जोत चढ़त तम, नख मणि जोत चढ़त तम, समुद तरत मोती । जय देवि० ॥१४

ऐं ह्रीं श्रीं ह्रों ॐ ह्रों, व्रीं हुँ फट् ह्सौं हूं, मां व्रीं हुँ फट् ह्सौं हूं ।
ऐं ॐ ह्रीं व्रीं हुँ फट्, ऐं ॐ ह्रीं व्रीं हुँ फट्, स्त्रीं त्रीं हौं सों हूं । जय देवि, जय देवि० ॥१५

मणि-धरि वज्रि शिखरिणी, सर्व-वशङ्करि मां, जय सर्व-वशङ्करि मां ।
अक्षोभ्येण विराजित, अक्षोभ्येण विराजित, अलख निरञ्जनि मां । जय देवि, जय देवि०॥१६

शाब-हृदासन-वासिनि, शव-वाहिनि पूरा, मां शव-वाहिनि सूरा ।
गज-चरमाम्बर-धारिणि, गज-चरमाम्बर-धारिणि, किङ्किणि-ध्वनि पूरा । जय देवि० ॥१७

अग्नि-चिता चित-रञ्जनि, भञ्जनि भव माया, मां भञ्जनि भ्रम माया ।
वैरोचन-मन-कर्षनि, वैरोचन-मन-कर्षनि, दर्शनि नव माया । जय देवि, जय देवि० ॥१८

जयति त्रिकोण वसू-दल, पद्म द्वि-भूपुर मां, जय पद्म द्वि-भूपुर मां ।
तारिणि बीज त्रिकोणे, तारिणि बीज त्रिकोणे, मध्य महा द्युति मां । जय देवि, जय देवि०॥१९

पूरब-दल माया-पर, दक्षिण वाक-वरं, मां दक्षिण वाक-वरं ।
उत्तर हुँ फट् पश्चिम, उत्तर हुँ फट् पश्चिम, तारन तार तरं । जय देवि, जय देवि० ॥२०

त्वन्नाम-स्मरणं मम, जाडय मनो हरणं, मां जाडय मनो हरणं ।
पावन पुण्य पवित्रं, पावन पुण्य पवित्रं, ज्ञानार्णव-वरणं । जय देवि, जय देवि० ॥२१

नव-निधि-पर बहु सिधि-पर, शक्ति-परा पूर्णा, मां शक्ति-परा पूर्णा ।
निज जन 'मोति' उधारन, निज जन 'मोति' उधारन, वर कर शिर पूर्णा । जय देवि०॥२२

फुल्लेन्दीवर-लोचनि, फुल्लेन्दीवर-लोचनि, त्रि-नयनि, सुर-वरदा । जय देवि, जय देवि०॥२३

[१]

पञ्च-श्लोकी प्रातः-स्मरणम्

प्रातः स्मरामि भव-तारिणि ! तारिणीं त्वां, मन्द-स्मितां त्रि-नयनां घन - नील - वर्णाम् ।
कर्त्रीं - कपालोत्पल - खड्ग - धात्रीं, धात्रीं सुरासुर - नृणामखिलेश्वरीं च ॥१
प्रातः स्मरामि खर्वामपवर्ग - दात्रीमक्षोभ्य - शम्भु - सहितामहि - भूषणाढ्याम् ।
प्रत्यर्पितांघ्रि - शिव - वक्षसि सुप्रसन्नां, भक्तार्ति - भय - वारण - कर्म - दक्षाम् ॥२
प्रातः स्मरामि षट्कोण - त्रिकोण - गेहां, वस्वार - धरणी - गृह - शोभमानाम् ।
शक्रादि - सुर - संघ - सुसेव्यमानामानन्द - कन्दां पञ्चार्णवीं ताम् ॥३
प्रातर्नमामि नृ-करोटि - विशाल - मालां, हाला - विघूर्णित - तरां सुत्रिनेत्र - जालाम् ।
व्याघ्राम्बरावृत - कटी - तट - भासमानां, जाड्या-पहां त्वरित - सिद्धि - प्रदां परेशीम् ॥४
प्रातर्भजामि भव - ताप - विनाशिकाम्बां, सद्यस्समृद्धि - निधि - बुद्धि - प्रकाशिकां च ।
ज्वलच्चिता - मध्य - गतार्ति - घोरां, दंष्ट्रा - करालामपि भक्त - पालाम् ॥५

फल-श्रुति

यः श्लोक - पञ्चकमिदं पठति प्रभाते, तारां स्मरन् प्रति - दिनं भुवि भार - हाराम् ।
विद्या - विभूति - सुख - शान्ति- यशांस्यवाप्य, सोऽन्ते प्रयाति सालोक्य - पदं जनन्याः ॥

मैं प्रातः काल भव-सागर से तारनेवाली तारिणी मां का स्मरण करता हूँ, जो मुस्करा रही हैं, घने नील-वर्ण की हैं, हाथों में कैंची, नर-कपाल, नील-कमल, खड्ग लिये हैं और जो देवों, राक्षसों, मनुष्यों की उत्पादिका हैं, विश्व की ईश्वरी हैं।

मैं प्रातःकाल मोक्ष-दायिनी, छोटे देहवाली तारा मां का स्मरण करता हूं, जो अपना दायाँ पैर शिव के वक्ष पर रखे प्रसन्न हैं, भक्तों के दुःख-भय दूर करने में दक्ष हैं और अक्षोभ्य शिव सहित सर्प को अभूषण-रूप में धारण किये हैं।

मैं प्रातःकाल त्रिकोण, षट्कोण, वृत्त, अष्ट-दल, भूपुर-मय यन्त्र में निवास करनेवाली मां तारा का स्मरण करता हूँ, जो इन्द्रादि देवों से सेविता हैं, सभी सुखों का मूल हैं और जिनका पञ्चाक्षरी मन्त्र है।

मैं प्रातःकाल मां तारा को नमन करता हूँ, जो नर-मुण्डों की भारी माला पहने हैं, जिनके त्रिनेत्र सुधा-पान से चञ्चल हैं, जो कटि में बाघाम्बर पहने हैं और जो भक्तों की बुद्धि की जड़ता को दूर कर शीघ्र ही सिद्धि देती हैं।

मैं प्रातःकाल मां तारा का मनन करता हूँ, जो सांसारिक कष्टों को नष्ट कर देती हैं, भक्तों को तुरन्त ज्ञान व समृद्धि देती हैं और उज्ज्वल चिता में रहती हैं तथा दीर्घ-दन्ता भयावनी होती हुई भी भक्तों की पालिका हैं।

फल-श्रुति—जो इन पाँच श्लोकों को भू-भार-हारिणी मां तारा का स्मरण करते हुये प्रातः पाठ करता है वह सभी विद्याओं, ऐश्वर्यों, सुख-शान्ति-यशादि को प्राप्त कर अन्त में मां के लोक को जाता है।

[२]

श्री उग्र-तारा कवचम्

कैलास - शिखरारूढं देव-देवं जगद् - गुरुम् । पप्रच्छ पार्वती देवी साधकानुग्रहेच्छया ॥१
त्वत्-प्रसादान्महादेव ! भैरवेणोदितं पुरा । कवचं श्रोतुमिच्छामि तारिकाया मनोहरम् ॥२
श्रुत्वा नगात्मजा-वाक्यं विहस्य परमेश्वरः । महा-प्रीत्या परिष्वज्य साधु साध्विति वादयन् ॥३
शृणु तत्-कवचं देवि ! अज्ञानेन्धन-पावकं । यस्य स्मरण-मात्रेण तारिका सम्प्रसीदति ॥४
यामवाप्य महात्मानो धर्म-कामार्थ-मुक्तिषु । नासाध्यं मेनिरे किञ्चित् कवयः शुद्ध-बुद्धयः ॥५

विनियोग—अस्य श्रीउग्र-तारा-कवचस्य श्रीअक्षोभ्य ऋषिः, बृहती छन्दः, श्रीउग्र-तारा देवता, सर्व-कामार्थ-साधने पाठे विनियोगः ।

ऋष्यादि-न्यास—श्रीअक्षोभ्य-ऋषये नमः शिरसि । बृहती-छन्दसे नमः मुखे । श्रीउग्रतारा-देवतायै नमः हृदि । सर्व-कामार्थ-साधने पाठे विनियोगाय नमः अञ्जलौ ।

प्रत्यालीढ - पदार्पितांघ्रि - शव - हृद् - घोराट्टहासा रवा,
खड्गेन्दीवर - कर्त्रि - खर्पर - भुजा हूंकार - बीजोद्भवा ।
खर्वा नील - विशाल - पिङ्गल - जटा - जूटोग्र - नागोज्ज्वला,
जाड्यं न्यस्य कपालके त्रि - जगतां हंत्युग्रतारा स्वयं ॥

संसार-तारिणी तारा पूर्वस्यां पातु मां सदा । प्रत्यालीढ-पदा घोरा तथाग्नेय्यां जगन्मयी ॥१
उग्र-तारा पातु याम्यां यम-भीति-विनाशिनी । नैऋत्यां चंडिका पातु मुण्ड-माला-विभूषिता ॥२
खर्वा लम्बोदरी भीमा व्याघ्र-चर्मावृता कटौ । एक-जटा सदा पातु पश्चिमे च हर-प्रिया ॥३
नव-यौवन-सम्पन्ना पञ्च-मुद्रा-विभूषिता । नील-सरस्वती पातु वायव्ये पुत्रिणी सदा ॥४
बालार्क-मण्डलाकार-लोचन-त्रय-भूषिता । कौबेर्यां च महा-तारा पातु नित्यं सुर-प्रिया ॥५
चतुर्भुजा ललज्जिह्वा भीम-रूपा महा-बला । भैरवी च तथा पातु ऐशान्यां दिशि मां सदा ॥६
खड्ग-कर्तृ-धरा सव्ये वामे चोत्पल-खर्परा । ऊर्ध्वे वागीश्वरी पातु द्रुत-बुद्धिकरी सदा ॥७
पिङ्गलोर्द्ध-जटा-मध्ये वासुकीषु नियोजिता । सावेश-स्मेर-वदना वस्त्रालंकार-भूषिता ॥८
मस्तकं पातु मे पद्मा श्वेत-पद्मान्तर-स्थिता । भालं मे पातु पद्मा च नासिकां रूप-धारिणी॥९

सुन्दरी पातु नेत्रे च सर्वानन्द-स्वरूपिणी । श्रवणे सर्वदा पातु कालिका मुण्ड-मालिनी ॥१०
श्मशान-भैरवी पातु स्कन्धं मे सर्ववैव हि । आनन्द-भैरवी बाहू पातु नित्यं सुर-प्रिया ॥११
हस्तौ रक्षतु शर्वाणी हृदयं पातु सर्वदा । मध्यं रक्षतु मातङ्गी नाभिं पातु सुरेश्वरी ॥१२
कटिं कामेश्वरी पातु भक्त-काम-प्रपूरिणी । भुवनेश्वरी सदा पातु ऊरू मे सर्व-मङ्गला ॥१३
महा-त्रिपुर-सुन्दरी च जानुनी पातु सर्वदा । अश्वारूढ़ा तथा जंघे प्रचण्डासुर-घातिनी ॥१४
भद्र-काली तथा पादौ पायाच्चाभद्र-हारिणी । सर्वत्र त्वरिता पातु सर्वत्र हित-कारिणी ॥१५
अग्रतः षोडशी पातु देवी त्रिपुर-सुन्दरी । पृष्ठतो मे गुह्य-काली नित्यं रक्षतु शोभना ॥१६
कृष्ण-देहा दक्ष-पार्श्वे नित्यं पातु सु-शोभना । वाम-पार्श्वे सदा पातु रक्त-बीज-विनाशिनी ॥१७

फल-श्रुति

इत्येतत् कवचं प्रोक्तं सर्व-कामार्थ-सिद्धिदम् । गोपनीयं सदा देवि! न कस्मैचित् प्रदर्शयेत् ॥१८
यः सकृच्छृणुयादेतत्-कवचं भैरवोदितम् । सर्वान् स लभते कामान् परत्र शिव-रूपता ॥१९
सकृद् यस्तु पठेन्नित्यं कवचं भैरवोदितम् । स च सर्वं यज्ञ-फलं लभते नात्र संशयः ॥२०
संग्रामे संजयेच्छत्रून् मातङ्गानिव केसरी । दहेत् तृणं यथा वह्निस्तथा शत्रून् दहेत् सदा ॥२१
न शस्त्राणि न चास्त्राणि शरीरे प्रभवन्ति हि । न तस्य जायते व्याधिर्न च दुःखं कदाचन॥२२
उच्चाटनाद्यास्ताः सर्वाः प्रसिद्धयन्ति च सिद्धयः । न च वैर-गतिस्तस्य भवेदन्यैरबाधितः॥२३
दीर्घायुः काम-भोगी च धनवानपि जायते । यो न्यसेत् कवचं देहे तस्य सम्यक् फलं शृणु ॥२४
जित-व्याधिः शतायुश्च रूपवानपि जायते । सर्व-रत्नौघ-सम्पूर्णो विद्यावानपि जायते ॥२५
नाग्निर्दहति तत्-कायं न चापः क्लेदयति च । न शोषयति तं वायुः क्रव्यादा नहि चैव हि ॥२६
शस्त्राणि नैव छिन्दन्ति न तापयति भास्करः । वेतालाश्च पिशाचाश्च राक्षसाश्च भयानकाः॥२७
सर्वे तस्य वशं यान्ति भूत-ग्रामाश्चतुर्विधाः । नित्यं पठति यो भक्त्या कवचं हर-निर्मितम्॥२८
धर्मार्थ-काम-मोक्षाश्च नित्यं तस्य कर-स्थिताः । अन्यस्य वरदः सोऽपि नित्यं भवति पंडितः॥२९
एष संजायतेऽव्याधिः कवचं ब्रह्म-वादिनः । वदेत् श्लोक-शतशो भवेत् स श्री-धरो नरः ॥३०
लिखितं यस्य गेहे तु कवचं भैरवोदितं । न तस्य दुर्गतिः काचिज्जायते नात्र संशयः ॥३१
ग्रहाश्च सर्वे तुष्यन्ति वशं गच्छन्ति भूमि-पाः । यद्-राज्ये कवचज्ञोऽस्ति जायन्ते तत्र ते त्रयः॥३२

॥ श्रीभैरवानन्दे शिव-पार्वती-सम्वादे महा-रहस्ये श्रीउग्र-तारा-कवचं सम्पूर्णम् ॥

हिन्दी-रूपान्तर

श्रीउग्र-तारा कवच

कैलास की चोटी पर बैठे जगद्गुरु महा-देव से पार्वती देवी ने साधकों पर अनुग्रह करने की इच्छा से पूछा—हे महादेव ! आपके प्रसाद से मैं भैरव द्वारा पूर्व-कथित तारा के मनोहर कवच को सुनना चाहती हूं।

गिरिजा की बात को सुनकर परमेश्वर ने विहँस कर कहा—हे देवि ! अज्ञान को नष्ट करने-वाले उस कवच को सुनो, जिसका स्मरण करने मात्र से तारा प्रसन्न होती हैं। उस कवच को पाकर शुद्ध-बुद्धि महात्मा विद्वान् लोग धर्म-काम-अर्थ-मोक्ष में से किसी को भी असाध्य नहीं मानते।

विनियोग—तारा के इस कवच के ऋषि अक्षोभ्य, छन्द वृहती, देवता श्रीउग्रतारा और सभी कामनाओं की सिद्धि के लिए इसके पाठ का विनियोग है।

ऋष्यादि-न्यास—शिर पर श्री अक्षोभ्य ऋषि को नमस्कार है। मुख में वृहती छन्द को नमस्कार है। हृदय में श्रीउग्रतारा देवता को नमस्कार है। अञ्जलि में सभी कामनाओं की सिद्धि के लिए पाठ के विनियोग को नमस्कार है।

ध्यान—दायाँ पैर पीछे और बायां पैर आगे शव के हृदय पर रखकर विराजमान उग्रतारा घोर अट्टहास शब्द कर रही हैं। खड्ग, कमल, कैंची और कपाल-पात्र क्रमशः अपने चारों हाथों में लिए हैं। खर्वा अर्थात् छोटे शरीरवाली हैं और पीले रंग की विशाल जटा नाग से विभूषित है। तीनों लोकों की जड़ता को कपाल में स्थापित कर वे स्वयं नष्ट कर देती हैं।

संसार-तारिणी तारा सदा पूर्व में मेरी रक्षा करें। दायां पैर पीछे बायां पैर आगे रखनेवाली जगन्मयी घोरा आग्नेय कोण में रक्षा करें (१)। यम के भय को नष्ट करनेवाली उग्रतारा दक्षिण में रक्षा करें। नैर्ऋत कोण में मुण्ड-माला से सज्जिता चण्डिका रक्षा करें (२)। छोटे शरीरवाली, लम्बोदरी, भीमा, कमर में व्याघ्र-चर्म पहने शिव-प्रिया एक-जटा सदा पश्चिम में रक्षा करें। नव-यौवना, पञ्च-मुद्रा-विभूषिता, पुत्रिणी नील-सरस्वती सदा वायव्य कोण में रक्षा करें (३-४)। बाल-सूर्य-मण्डल के समान आकारवाले तीन नेत्रों से शोभिता, देव-प्रिया महा-तारा नित्य उत्तर में रक्षा करें (५)। चतुर्भुजा, लल-ज्जिह्वा, भीम-रूपा, महा-बला भैरवी सदा ईशान कोण में मेरी रक्षा करें (६)। दाएँ हाथों में खड्ग और कैंची तथा बाएँ में कमल और कपाल-पात्र लिए, शीघ्र बुद्धि-दायिनी वागीश्वरी सदा ऊपर रक्षा करें (७)। पीली ऊर्ध्वजटा में वासुकी नाग को रखनेवाली, हँसमुखी व भूषणों से सुसज्जिता, श्वेत-पद्म के मध्य बैठी पद्मा मेरे मस्तक की और नासिका की रक्षा करें (८-९)। सर्वानन्द-स्वरूपिणी सुन्दरी नेत्रों की रक्षा करें (१०)। श्मशान-भैरवी सदा मेरे कन्धों की रक्षा करें। देव-प्रिया आनन्द-भैरवी भुजाओं की रक्षा

करें (११)। दोनों हाथों और हृदय की रक्षा सदा शर्वाणी करें। मध्य भाग की रक्षा मातङ्गी और नाभि की रक्षा सुरेश्वरी करें (१२)। कमर की रक्षा भक्तों की इच्छा पूरी करनेवाली कामेश्वरी करें। सर्व-मङ्गला भुवनेश्वरी मेरे उरुओं की रक्षा करें (१३)। महा-त्रिपुरसुन्दरी जानुओं की रक्षा सदा करें। प्रचण्ड असुर को मारनेवाली अश्वारूढ़ा जंघाओं की रक्षा करें (१४)। अशुभ को दूर करनेवाली भद्रकाली पैरों की रक्षा करें। हित-कारिणी त्वरिता सर्वत्र रक्षा करें (१५)। त्रिपुर-सुन्दरी षोडशी आगे रक्षा करें। सुन्दरी गुह्य-काली सदा पीछे मेरी रक्षा करें (१६)। सुन्दरी कृष्ण-वर्णा दाएँ पार्श्व की सदा रक्षा करें। बाएँ पार्श्व में सदा रक्त-बीज-नाशिनी रक्षा करें (१७)।

फल-श्रुति—सभी कामनाओं की सिद्धि देनेवाला यह कवच कहा गया है। हे देवि ! इसे सदा गुप्त रखना चाहिये, किसी को न बताये (१८)। भैरवोक्त इस कवच को जो एक-बार सुनता है, वह सभी कामनाओं को पाकर अन्त में शिव-रूप होता है (१९)। जो नित्य एक बार भैरवोक्त कवच को पढ़ता है, वह सभी यज्ञों का फल पाता है, इसमें सन्देह नहीं (२०)। युद्ध में वह शत्रुओं को जीतता है, जैसे सिंह हाथी को जय करता है। जैसे अग्नि घास जला देती है, वैसे ही वह शत्रुओं को नष्ट करता है (२१)। शस्त्र और अस्त्र उसके शरीर पर प्रभाव नहीं डाल पाते। न कभी उसके रोग होता है, न दुःख (२२)। उच्चाटनादि सभी सिद्धियाँ उसे प्राप्त होती हैं, दूसरों की शत्रुता उसे बाधा नहीं पहुँचाती (२३)। दीर्घायु, धनवान और यथेच्छ भोगों का प्राप्त करनेवाला होता है। जो शरीर में कवच का न्यास करता है, उसका फल सुनो (२४)। रोगों को जीत कर शतायु और रूप-वान् होता है। सभी रत्नों से युक्त होकर विद्वान् भी होता है (२५)। उसके शरीर को न अग्नि जलाती है, न जल गलाता है और न वायु सुखाती है। क्रव्याद उसका अनिष्ट नहीं करते (२६)। शस्त्र उसे छेदते नहीं, न सूर्य उसे तप्त करता है। भयानक वेताल, पिशाच, राक्षस और चारों द्वार के प्राणी उसके वश में रहते हैं, जो भक्ति से शिव-निर्मित कवच को पढ़ता है (२७-२८)। धर्मार्थ-काम-मोक्ष सदा उसके हाथ में रहते हैं। वह सदा दूसरों को वर देनेवाला पण्डित हो जाता है (२९)। ब्रह्म-वादियों को यह कवच व्याधि-रहित रखता है और वह सैकड़ों श्लोक कहनेवाला लक्ष्मीवान् मनुष्य होता है (३०)। जिसके घर में यह भैरवोक्त कवच लिखा रहता है, उसकी कभी दुर्दशा नहीं होती, इसमें सन्देह नहीं (३१)। सभी ग्रह उससे प्रसन्न रहते हैं और शासक उसके अधीन रहते हैं। जिस राज्य में इस कवच का ज्ञाता रहता है, वहाँ तीनों देव रहते हैं (३२)।

[३]

श्रीतारा-गुह्य-कवचम्

पुरा कैलास-शिखरे तारां पप्रच्छ शंकरः । केनोपायेन सहसा शरीरं सुदृढं भवेत् ॥ १
कथं वा सिद्धिरतुला तव मन्त्र-वतां प्रिये ! अति गुह्यतरं वाक्यं निःसृतं मुख-पंकजात् ॥ २

श्री तारोवाच—

अथ वक्ष्यामहे देव्यास्तारायाः कवचं शुभम्, न सिध्यति विना येन तारा-मन्त्रः कदापि हि ॥ ३
इदं रहस्यं परमं कथयामि त्वयि प्रभो ! श्रूयतां परमं गुह्यं कवचं मन्मुखोदितम् ॥ ४
मधु-कैटभयोर्युद्धे कथितं पद्म-योनिना । त्वत्-प्रसादात् त्रि-देवेश! लयं विष्णुर्न इच्छति ॥ ५
भवत्-सुकथितं सर्वं तन्न स्मरसि मायया । कवचं सार-भूतानामुद्धृतं योगिनी-मतम् ॥ ६
न कस्यचित् प्रवक्तव्यं न प्रकाश्यं कथञ्चन, शपथं कुरु मे नाथ! यदि स्नेहोऽस्ति मां प्रति ॥ ७
श्रूयतां सावधानेन लिखितं सार-विग्रहे । सत्यं सत्यं पुनः सत्यं सत्यं सत्यं पुनः पुनः ॥ ८
कवचेन बिना देव! यो मामर्चयति क्षणं । तमश्नाति महोग्रा सा योगिनीभिः सुनिश्चितं ॥ ९
त्रीं स्त्रीं हूं फट् चैक-जटा-तारा मां पातु सर्वतः । ब्रह्म-विष्णु-महेशानां वीजं रक्षतु मूलकं ॥ १०
तदेव शक्ति-वीजं तु लिङ्गं रक्षतु यत्नतः । मणिपूरं सदा पातु वधू-वीजं अशेषतः ॥ ११
अनाहतं कूर्च-वीजं पातु मे सर्व-सर्वतः । अस्त्रं तु सर्वदा पातु विशुद्धं कण्ठ-भूषणं ॥ १२
शेषं तु पातु मे नित्यमाज्ञा-स्थानं द्वि-पत्रकं, शीर्षं पातु सदा तारैक-जटा पातु मे मुखं ॥ १३
नीला सरस्वती पातु हृदयं मे समन्ततः, मूलाधारं सदा पातु फट्-शक्तिर्महा-नील-सरस्वती ॥ १४
अक्षोभ्यः पातु सर्वाङ्गं बृहती पातु भालकं । उग्र-तारा देवता मे गह्वरं पातु सर्वदा ॥ १५
चरणौ मे सदा पातु हूं वीजं तदशेषतः । स्तन-द्वयं सदा पातु फट्-शक्तिर्विघ्न-घातिका ॥ १६
रसनां मे सदा पातु लक्ष्मी-देवी च शाश्वती । रसनाग्रं सदा पातु सरस्वती प्रयत्नतः ॥ १७
रतिः पातु सदा वीजं प्रीतिर्मे वदनं सदा । कीर्तिः कृत्तिं सदा पातु शांतिः शांतिं सदावतु ॥ १८
पुष्टिर्मे पातु पुष्टिं च तुष्टिस्तुष्टिं सदावतु । वैरोचनः सदा पातु शङ्ख-पूर्वस्तथैव च ॥ १९
पाण्डुरो मे सदा गण्डं पातु नित्यं च सर्वतः । पद्म-नाभः सदा पातु नाभिं मे दश-पत्रिकां ॥ २०
असिताङ्गः पातु मे लिङ्गं नामकः पातु कर्णकं, मामकः मे सदा हस्तौ पाण्डुरः पातु कण्ठकं ॥ २१
तारकः पातु सततमष्टाङ्गं परमेश्वरः । इतीदं कवचं देव! कथितं मन्मुखात् सृतं ॥ २२

फल-श्रुति

प्रमादाद् यदि देवेश! यत्र कुत्र प्रकाश्यते, योगिनीभिः सदाहं च स्वयं हि वध-कारिणी ॥ २३
यदि भाग्य-वशाल्लब्धं केनापि साधकेन च । तदा तस्य महा-सिद्धिर्वपुषो जायते ध्रुवं ॥ २४

निषिद्धेभ्यो न दातव्यं न प्रकाश्यं कथञ्चन, यदि दद्यात् निषिद्धेभ्यस्तदा मृत्युमवाप्नुयात् ॥ २५
दद्याच्छान्ताय शिष्याय तन्त्र-मन्त्र-युताय च । गुरु-भक्तियुतायैव तदा सिद्धिरनुत्तमा ॥ २६
रहस्यं कथितं सर्वमनन्त-फलमाप्नुयात् । गोपितव्यं सदा देव ! न प्रकाश्यं कदाचन ॥ २७

॥ श्री भैरव-भैरवी-सम्वादे श्रीतारोक्त-तारा-कवचम् सम्पूर्णम् ॥

हिन्दी-रूपान्तर

श्रीतारा-कवच

प्राचीन काल में कैलास की चोटी पर भगवान् शङ्कर ने भगवती तारा से पूछा कि किस उपाय से शरीर सुदृढ़ होता है और तुम्हारे मन्त्र से दीक्षित व्यक्ति को अनुपम सिद्धि कैसे मिलती है ?

श्रीतारा ने कहा कि मैं शुभ कवच को बताऊँगी, जिसके बिना मेरा मन्त्र कदापि सिद्ध नहीं होता । यह परम रहस्य और गुप्त कवच है, जो मेरे द्वारा कहा गया है । मधु-कैटभ के युद्ध में ब्रह्मा जी ने इसे कहा था । तुम्हारे प्रसाद से भगवान् विष्णु लय की इच्छा नहीं करते । तुमने इसे भले प्रकार कहा था किन्तु माया-वश स्मरण नहीं करते हो । यह कवच योगिनी-सम्मत सार-भूत है । न किसी को बताना चाहिये, न प्रकट करना चाहिये । यदि मुझमें तुम्हें स्नेह है, तो प्रतिज्ञा करें । सावधानी से सुनें, सार-विग्रह में लिखा है । इस कवच के बिना जो मेरा अर्चन करता है, उसे अति उग्र योगिनियाँ खा जाती हैं ।

'त्रीं स्त्रीं हूं फट्' एकजटा तारा मेरी रक्षा सब ओर से करे । ब्रह्मा-विष्णु-महेश का बीज (ॐ) मूलाधार की रक्षा करे । शक्ति-बीज लिङ्ग की रक्षा करे । वधू-बीज (स्त्रीं) सदा मणिपुर की रक्षा करे । कूर्च-बीज (हूं) मेरे अनाहत चक्र की रक्षा करे । अस्त्र (फट्) कण्ठ-भूषण विशुद्ध की रक्षा करे । शेष (अक्षोभ्य-बीज—'आं') मेरे द्वि-दल आज्ञा-चक्र की रक्षा करे । तारा सदा मेरे शीर्ष की और एकजटा मेरे मुख की रक्षा करें । नील-सरस्वती मेरे हृदय की रक्षा करें । मूलाधार की रक्षा सदा फट्-शक्ति महा-नील-सरस्वती करें । अक्षोभ्य सारे शरीर की और बृहती छन्द मस्तक की रक्षा करें । उग्रतारा देवी मेरे गुह्य स्थान की सदा रक्षा करें । 'हूं' बीज मेरे दोनों पैरों की रक्षा करे । विघ्न-नाशिका फट्-शक्ति दोनों स्तनों की रक्षा करे । लक्ष्मी ❀ देवी मेरी जीभ की रक्षा करें । जीभ के अग्रभाग की रक्षा सदा सरस्वती करें । रति बीज की, प्रीति मुख-मण्डल की, कीर्ति कृति की और शान्ति सदा मेरी शान्ति की रक्षा करें । पुष्टि पोषण की और तुष्टि तोषण की सदा रक्षा करे । वैरोचन • और शङ्ख-पाण्डुर सदा मेरे गण्ड-स्थल (कनपटी) की रक्षा करें । पद्म-नाभ दश-दलवाली मेरी नाभि की रक्षा करें । असिताङ्ग मेरे लिङ्ग की और नामक मेरे कान की रक्षा करें । मामक मेरे हाथों की और पाण्डुर कण्ठ की रक्षा करें । परमेश्वर तारक मेरे आठों अङ्गों की रक्षा करें ।

फल-श्रुति —इस कवच को प्रमाद-वश प्रकाश करने से मैं योगिनियों द्वारा वध करवाती हूं । यदि भाग्यवश कोई साधक इसे प्राप्त कर लेता है, तो वह महा-सिद्ध-शरीरवाला होता है । निषिद्ध लोगों को इसे न दे, देने से मृत्यु होती है । शान्त और तन्त्र-मन्त्र से युक्त, गुरु-भक्त शिष्य को इसे दे, तो उत्तम सिद्धि मिलती है । सारा रहस्य इसमें कहा गया है, जिससे अनन्त फल मिलता है । इसे सदा गुप्त रखे ।

❀ आठ पीठ-शक्तियां—१ लक्ष्मी, २ सरस्वती, ३ रति, ४ प्रीति, ५ कीर्ति, ६ शान्ति, ७ पुष्टि, ८ तुष्टि ।
• अष्ट-नाग—१ वैरोचन, २ शङ्ख-पाण्डर, ३ पद्म-नाभ, ४ असिताङ्ग, ५ नामक, ६ मामक, ७ पाण्डुर, ८ तारक ।

[८]

श्रीतारा-दिव्य-कवचम्

ईश्वर उवाच—

कोटि-तन्त्रेषु गोप्या हि विद्याति-भय-मोचिनी। दिव्यं हि कवचं तस्याः शृणुष्व सर्व-कामदं ॥

विनियोग—अस्य श्रीतारा-दिव्य-कवचस्य श्रीअक्षोभ्य ऋषिः, त्रिष्टुप् छन्दः, भगवती श्रीतारा देवता, सर्व-मन्त्र-सिद्धि-समृद्धये पाठे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास—श्रीं अक्षोभ्य-ऋषये नमः शिरसि। त्रिष्टुप्-छन्दसे नमः मुखे। भगवती-श्रीतारा-देवतायै नमः हृदि। सर्व-मन्त्र-सिद्धि-समृद्धये पाठे विनियोगाय नमः अञ्जली।

प्रणवो मे शिरः पातु ब्रह्म-रूपा महेश्वरी। ह्रींकारः ललाटे पातु बीज-रूपा महेश्वरी ॥
स्त्रींकारः पातु वदने लज्जा-रूपा महेश्वरी। हूंकारः पातु हृदये भवानी-शक्ति-रूप-धृक् ॥
फट्कारः पातु सर्वाङ्गे सर्व-सिद्धि-फल-प्रदा। खर्वा मां पातु देवेशी भ्रू-मध्ये सर्व-सिद्धिदा ॥
नीला मां पातु देवेशी गण्ड-युग्मे भयापहा। लम्बोदरी सदा पातु कर्ण-युग्मे महेश्वरी ॥
व्याघ्र-चर्मावृता स्कन्धौ पातु देवी शिव-प्रिया। पीनोन्नत-स्तनी पातु पार्श्व-युग्मे महेश्वरी ॥
रक्त-वर्तुल-नेत्रा च कटि-देशे सदाऽवतु। ललज्जिह्वा सदा पातु नाभौ मां भुवनेश्वरी ॥
करालास्या सदा पातु लिङ्गे देवी हर-प्रिया। पिङ्गोग्रैक-जटा पातु जंघायां विघ्न-नाशिनी ॥
खड्ग-हस्ता महा-देवी जानु-चक्रे महेश्वरी। नील-वर्णा सदा पातु जानुनी सर्वदा मम ॥
नाग-कुण्डल-धर्त्री च पातु पाद-युगे ततः। नाग-हार-धरा देवी सर्वाङ्गं पातु सर्वदा ॥
नाग-कङ्कु-धरा देवी पातु प्रान्तर-देशतः। चतुर्भुजा सदा पातु गमने शत्रु-नाशिनी ॥
खड्ग-हस्ता महा-देवी श्रवणे पातु सर्वदा। नीलाम्बर-धरा देवी पातु मां विघ्न-नाशिनी ॥
कर्त्रि-हस्ता सदा पातु विवादे शत्रु-मध्यतः। ब्रह्म-रूप-धरा देवी संग्रामे पातु सर्वदा ॥
नाग-कङ्कण-धर्त्री च भोजने पातु सर्वदा। शव-कर्णा महा-देवी शयने पातु सर्वदा ॥
वीरासन-धरा देवी निद्रायां पातु सर्वदा। धनुर्बाण-धरा देवी पातु मां विघ्न-संकुले ॥
नागाञ्चित-कटी पातु देवी मां सर्व-कर्मसु। छिन्न-मुण्ड-धरा देवी कानने पातु सर्वदा ॥

चिता-मध्य-स्थिता देवी मारणे पातु सर्वदा । द्वीपि-चर्म-धरा देवी पुत्र-दार-धनादिषु ॥
अलङ्कारान्विता देवी पातु मां हर-वल्लभा । रक्ष रक्ष नदी-कुंजे हूं हूं फट् सु-समन्विते ॥
बीज - रूपा महा - देवी पर्वते पातु सर्वदा । मणिभृद्-वज्रिणी-देवि महा - प्रतिसरे तथा ॥
रक्ष रक्ष सदा हूं हूं ॐ ह्रीं स्वाहा महेश्वरी । पुष्पकेतु - राजार्हते कानने पातु सर्वदा ॥
ॐ ह्रीं वज्र-पुष्पं हुं फट् प्रान्तरे सर्व-कामदा । ॐ पुष्पे पुष्पे महा-पुष्पे पातु पुत्रान् महेश्वरी ॥
हूं स्वाहा-शक्ति-संयुक्ता दारान् रक्षतु सर्वदा । श्रां हूं स्वाहा महेशानी पातु द्यूते हर-प्रिये ॥
ह्रीं सर्व-विघ्नोत्सारिणी देवी विघ्नान् सदाऽवतु, ॐ पवित्र-वज्र-भूमे हुँ फट् स्वाहा-समन्विता ॥
पूरिका पातु मां देवी सर्व-विघ्न-विनाशिनी । ॐ श्राः सुरेखे वज्र-रेखे हुं फट् स्वाहा-संयुता ॥
पाताले पातु सा देवी लाकिनी-नाम-संज्ञिका । ह्रींकारी पातु पूर्वे मां शक्ति-रूपा महेश्वरी ॥
स्त्रींकारी दक्षिणे पातु वधू-रूपा महेश्वरी । हूं स्वरूपा महा-देवी पातु मां क्रोध-रूपिणी ॥
फट्-स्वरूपा महा-माया उत्तरे पातु सर्वदा । पश्चिमे पातु मां देवी फट्-स्वरूपा हर-प्रिया ॥
मध्ये मां पातु देवेशी हूं-स्वरूपा नगात्मजा । नील-वर्णा सदा पातु सर्वतो वाग्भवा सदा ॥
तारिणी पातु भवने सर्वैश्वर्य - प्रदायिनी । विद्या-दान-रता देवी वक्त्रे नील-सरस्वती ॥
शास्त्रे वादे च संग्रामे जले च विषमे गिरौ । भीम-रूपा सदा पातु श्मशाने भय-नाशिनी ॥
भूत-प्रेतालये घोरे दुर्गे मां भीषणाऽवतु । पातु नित्यं महेशानी सर्वत्र शिव-दूतिका ॥

फल-श्रुति

कवचस्य च माहात्म्यं नाहं वर्ष-शतैरपि । शक्नोमि गदितुं देवि ! भवेत्तस्य फलं च यत् ॥
पुत्र-दारेषु बन्धूनां सर्व-देशे च सर्वदा । न विद्यते भयं तस्य नृप-पूज्यो भवेच्च सः ॥
शुचिर्भूत्वाऽशुचिर्वापि कवचं सर्व-कामदम् । प्रपठन् वा स्मरन् मर्त्यो दुःख-शोक-विवर्जिता ॥
सर्व-शास्त्रे महेशानि! कविराड् भवति ध्रुवं । सर्व-वागीश्वरो मर्त्यो लोक-वश्यो धनेश्वरः ॥
रणे द्यूते विवादे च जयस्तस्य भवेद् ध्रुवम् । पुत्र-पौत्रान्वितो मर्त्यो विलासी सर्व-योषितां ॥
शत्रवो दासतां यान्ति सर्वेषां वल्लभः सदा । गर्वी खर्वी भवत्येव वादी स्खलति दर्शनात् ॥
मृत्युश्च वश्यतां याति दासस्तस्यावनीश्वरः । प्रसङ्गात् कथितं सर्वं कवचं सर्व-कामदं ॥
प्रपठन् वा स्मरन् मर्त्यः शापानुग्रहणे क्षमः । आनन्द-वृन्द-सिन्धूनामधिपः कवि-राड् भवेत् ॥
सर्व-वागीश्वरो मर्त्यो लोक-वश्यः सदा सुखी । गुरोः प्रसादमासाद्य विद्यां प्राप्य सु-गोपितां ॥

तत्रापि कवचं देवि ! दुर्लभं भुवनं त्रयं । गुरुर्देवो हरः साक्षात् तत् पत्नी तु हर-प्रिया ॥
अभेदेन भजेद् यस्तु सिद्धिरदूरतः । मन्त्राचारा महेशानि ! कथिताः पूर्ववत् प्रिये !
नाभौ ज्योतिस्तथा रक्तं हृदयोपरि चिन्तयेत् । ऐश्वर्यं सु-कवित्वं च महायोगीश्वरो नृपः ॥
नित्यं तस्य महेशानि! महिला-सङ्गमं चरेत् । पञ्चाचार-रतो मर्त्यः सिद्धो भवति नान्यथा ॥
शक्ति-युक्तो भवेन्मर्त्यः सिद्धो भवति नान्यथा । ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च ये देवासुर-मानुषाः ॥
तं दृष्ट्वा साधकं देवि! लज्जा-युक्ता भवन्ति ते । स्वर्गे मर्त्ये च पाताले ये देवा सिद्धि-दायकाः ॥
प्रशंसति सदा देवि! तं दृष्ट्वा साधकोत्तमं । विद्यात्मकाश्च ये देवाः स्वर्गे मर्त्ये रसातले ॥
प्रशंसन्ति सदा सर्वे तं दृष्ट्वा साधकोत्तमं । इति ते कथितं देवि ! मया सम्प्रकीर्तितं ॥
भुक्ति-मुक्ति-करं साक्षात् कल्पवृक्ष-स्वरूपकं । आसाद्याद्य-गुरुं प्रसाद्य य इदं कल्पद्रुमालम्बनं ॥
मोहेनापि मदेन चापि रहितो जाड्येन वा । सिद्धोऽसौ भुवि सर्व-दुःखान् पारं प्रयात्यंतके ॥
मित्रं तस्य नृपाश्चापदो नश्यन्ति तस्याशु च । तद्-गात्रं प्राप्य शस्त्राणि ब्रह्मास्त्रादीनि वै भुवि ॥
तस्य गेहे स्थिरा लक्ष्मीर्वाणी वक्त्रे वसेद् ध्रुवं । लिखित्वा धारयेद् यस्तु कण्ठे वा मस्तके भुजे ॥
तस्य सर्वार्थ-सिद्धिः स्याद् यद्यन्मनसि वर्तते । गोरोचना - कुंकुमेन रक्त - चन्दनकेन वा ॥
यावकेंवा महेशानि ! लिखेन्मन्त्रं समाहितः । अष्टम्यां मङ्गल-दिने चतुर्दश्यामथापि वा ॥
सन्ध्यायां देव-देवेशि! लिखेद् यन्त्रं समाहितः । मघायां श्रवणे वापि रेवत्यां वा विशेषतः ॥
सिंह-राशौ गते चन्द्रे कर्कटस्थे दिवाकरे । मीन-राशौ गुरौ याते वृश्चिकस्थे शनैश्चरे ॥
लिखित्वा धारयेद् यस्तु उत्तराभिमुखो भवेत् । श्मशाने प्रान्तरे वापि शून्यागारे विशेषतः ॥
निशायां वा लिखेन्मन्त्रं तस्य सिद्धिरचञ्चला । भूर्ज-पत्रे लिखेन्मन्त्रं गुरुणा च महेश्वरि !
ध्यान-धारण-योगेन धारयेद् यस्तु भक्तितः । अचिरात् तस्य सिद्धिः स्यान्नात्र कार्या विचारणा ॥

॥ श्रीरुद्रयामले तन्त्रे श्रीउग्रतारा दिव्य-कवचम् सम्पूर्णम् ॥

हिन्दी-रूपान्तर

श्रीतारा-दिव्य-कवच

ईश्वर ने कहा—करोड़ों तन्त्रों में भारी भय से छुड़ानेवाली देवी तारा गोपनीय हैं। उनके दिव्य कवच को सुनो, जो सभी कामनाओं को देनेवाला है।

विनियोग—श्रीतारा के इस दिव्य कवच के ऋषि श्री अक्षोभ्य, छन्द त्रिष्टुप्, देवता भगवती श्रीतारा और विनियोग सब मन्त्रों की सिद्धि-समृद्धि के लिये पाठ करने में है।

ऋष्यादि-न्यास—शिर में श्री अक्षोभ्य ऋषि को नमस्कार, मुख में त्रिष्टुप् छन्द को नमस्कार, हृदय में श्री भगवती तारा को नमस्कार और अञ्जलि में सब मन्त्रों की सिद्धि-समृद्धि के लिये पाठ के विनियोग को नमस्कार।

'ॐ' ब्रह्म-रूपा महेश्वरी मेरे शिर की रक्षा करे। 'ह्रीं'-बीज-रूपा महेश्वरी ललाट में रक्षा करे। 'स्त्रीं'-लज्जा-रूपा महेश्वरी मुख में रक्षा करे। 'हूं' शक्ति-रूपा भवानी हृदय में रक्षा करे। सर्व-सिद्धि-फल-प्रदा 'फट्' सभी अङ्गों में रक्षा करे। सर्व-सिद्धिदा देवेशी खर्वा मेरे भ्रू-मध्य में रक्षा करे। भय को दूर करनेवाली देवेशी नीला मेरे दोनों गण्डों (कनपटियों) में रक्षा करे। लम्बोदरी महेश्वरी सदा दोनों कानों में रक्षा करे। व्याघ्र-चर्म पहने शिव-प्रिया देवी कन्धों में रक्षा करे। पीनोन्नत-स्तना महेश्वरी दोनों बगलों में रक्षा करे। लाल गोल नेत्रोंवाली देवी सदा कटि में रक्षा करे। ललज्जिह्वा भुवनेश्वरी सदा नाभि में मेरी रक्षा करे। भयानक मुखवाली हर-प्रिया देवी लिङ्ग में सदा रक्षा करे। पीली और उग्र एक-जटा विघ्न-नाशिनी जांघ में रक्षा करे। खड्ग-हस्ता महेश्वरी जानु-चक्र में और नील-वर्णा दोनों जानु में सदा मेरी रक्षा करे। नाग-कुण्डल धारण करनेवाली देवी दोनों पैरों की रक्षा करे। नाग-हार पहने देवी सदा सारे अङ्गों की रक्षा करे। नाग-कङ्कन धारण करनेवाली देवी प्रान्तर-देश में रक्षा करे। चतुर्भुजा शत्रु-नाशिनी देवी सदा चलते समय रक्षा करे। खड्ग-हस्ता महा-देवी सदा सुनने में रक्षा करे। नील-वस्त्र-धारणी विघ्न-नाशिनी देवी मेरी रक्षा करे। कैंची हाथ में रखनेवाली सदा शत्रुओं के बीच विवाद में रक्षा करे। ब्रह्म-रूप-धरा देवी संग्राम में सदा रक्षा करे। नाग-कङ्कन-धारिणी भोजन में सदा रक्षा करे। शव-कर्णा महा-देवी शयन-काल में सदा रक्षा करे। वीरासना देवी निद्रा-काल में सदा रक्षा करे। धनुर्बाण-धरा देवी विघ्नों में मेरी रक्षा करे। कमर में सर्प-करधनी पहने देवी सभी कर्मों में मेरी रक्षा करे। छिन्न-मुण्ड धारण करनेवाली देवी वन में सदा रक्षा करे। चिता के मध्य में रहनेवाली देवी सदा मारण-कर्म में रक्षा करे। गज-चर्म-धारिणी देवी पुत्र-स्त्री धनादि विषयों में और आभूषण पहने हर-वल्लभा देवी 'रक्ष रक्ष हूं हूं फट्' से युक्त होकर नदी-कुञ्ज में रक्षा करे। बीज-रूपा महा-देवी सदा पर्वत में रक्षा करे। 'मणि-भद्र-वज्रिणी-देवि महा-प्रतिसरे रक्ष रक्ष हूं हूं ॐ ह्रीं स्वाहा' 'पुष्पकेतु-राजार्हा' महेश्वरी कानन में रक्षा करे। 'ॐ ह्रीं वज्र-पुष्पं हुं फट्' सर्व-कामदा प्रान्तर में रक्षा करे। 'ॐ पुष्पे पुष्पे महा-पुष्पे' महेश्वरी पुत्रों की रक्षा करे। 'हूं स्वाहा' शक्ति से युक्ता देवी सदा स्त्रियों की रक्षा करे। 'आं हूं स्वाहा' महेशानी द्यूत (जुएँ) में रक्षा करे। 'ह्रीं' सर्व-विघ्नोत्सारिणी देवी विघ्नों से रक्षा करे। 'ॐ पवित्र-वज्र-भूमे हुं फट् स्वाहा' से युक्त विघ्न-नाशिका पूरिका देवी मेरी रक्षा करे। 'ॐ आः सुरेखे वज्र-रेखे हुं फट् स्वाहा' से युक्त लाकिनी-नामवाली देवी पाताल में रक्षा करे। 'ह्रीं' शक्ति-रूपा महेश्वरी पूर्व में

रक्षा करे। 'स्त्रीं' वधू-रूपा महेश्वरी दक्षिण में रक्षा करे। 'हूं' क्रोध-रूपिणी महा-देवी मेरी रक्षा करे। 'फट्'-स्वरूपा महा-माया सदा उत्तर में रक्षा करे। 'फट्'-स्वरूपा हर-प्रिया देवी पश्चिम में मेरी रक्षा करे। 'हूं'-स्वरूपा नगात्मजा देवेशी मध्य में मेरी रक्षा करे। नील-वर्णा वाग्भवा सदा सब ओर रक्षा करे। सब ऐश्वर्य देनेवाली तारिणी भवन में रक्षा करे। विद्या देने में तत्पर नील-सरस्वती देवी मुख में, शास्त्रार्थ में, संग्राम में, जल में और कठिन पर्वत में रक्षा करे। भय-नाशिनी भीम-रूपा सदा श्मशान में और भीषणा देवी भूत-प्रेत-मय भयानक दुर्ग में रक्षा करे। शिव-दूतिका सर्वत्र नित्य रक्षा करे।

फल-श्रुति

इस कवच की महिमा सौ वर्षों में भी कहने में मैं समर्थ नहीं हूं। इसके पाठ-कर्ता के पुत्रों, स्त्रियों, बन्धुओं को किसी देश में कभी भय नहीं होता। शासक उसे पूज्य मानते हैं। पवित्र या अपवित्र दशा में भी यह कवच सब कामनाओं को पूरा करता है। इसके पढ़ने या स्मरण करनेवाला मनुष्य दुःखों से छूट जाता है। वह सब शास्त्रों का ज्ञाता होता है। वाक्-पटु होकर संसार को वशीभूत करता है, धनी होता है। रण, द्यूत, वाद-विवाद में निश्चय जय पाता है। पुत्र-पौत्रों से युक्त हो सभी भोगों को भोगता है। शत्रु दास हो जाते हैं और वह सदा सबका प्रिय होता है। घमण्डी उसके आगे झुक जाते हैं, वाद-विवाद करनेवाले दर्शन मात्र से चुप हो जाते हैं। मृत्यु उसके वश में होती है और भूस्वामी उसकी सेवा करते हैं।

प्रसङ्गवश सब बातें बता दी हैं कि यह कवच सब कामनाओं को पूरा करनेवाला है। इसका पाठ या स्मरण करनेवाला शाप और अनुग्रह दोनों में समर्थ होता है। आनन्द-मय रहता हुआ वह कवि-सम्राट् होता है। वाक्-सिद्ध होकर संसार को वश में रखता है और सदा सुखी रहता है। गुरु की कृपा से सुगोप्य विद्या और दुर्लभ कवच को प्राप्त करे क्योंकि गुरुदेव साक्षात् शिव हैं और उनकी पत्नी हर-प्रिया। अभेद-भाव से भजन करे, तो सिद्धि शीघ्र मिलती है। मन्त्र-सम्बन्धी आचार पूर्ववत् ही हैं। नाभि में ज्योति और हृदय के ऊपर रक्त-वर्ण ध्यान करे। इससे ऐश्वर्य, कवित्व-शक्ति और वागीशत्व उसे नित्य प्राप्त होता है। पञ्चतत्वों में तत्पर और शक्ति-युक्त मनुष्य ही सिद्ध होता है, अन्यथा नहीं। ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और समस्त देवासुर, मनुष्यादि ऐसे मनुष्य को देखकर लज्जित हो उठते हैं। स्वर्ग, मृत्युलोक और पाताल में जो देव सिद्धि देते हैं तथा जो विघ्न-कारक हैं, वे सभी उसकी प्रशंसा करते हैं।

हे देवि! यह भुक्ति-मुक्ति-दायक साक्षात् कल्पवृक्ष-स्वरूप कवच मैंने तुमसे कहा। आदि-गुरु के पास पहुँचकर उन्हें प्रसन्न कर जो इस कल्पद्रुम-समान साधन को मद-मोह से रहित हो अपनाता है, वह पृथ्वी पर सिद्ध होकर सब दुःखों को पार कर जाता है। राजा उसके मित्र होते हैं, उसकी विपदाएँ शीघ्र ही नष्ट हो जाती हैं। ब्रह्मास्त्रादि और सभी शस्त्र उसके शरीर तक पहुँचकर नष्ट हो जाते हैं। उसके घर में लक्ष्मी स्थिर होकर रहती है और मुख में सरस्वती निश्चय ही वास करती है।

इसे लिखकर जो कण्ठ, मस्तक या भुजा में धारण करता है, उसके मन के सभी अभीष्ट सिद्ध होते हैं। गोरोचन, कुंकुम, रक्त चन्दन या महावर से मन्त्र को लिखे। अष्टमी को मङ्गल के दिन या चतुर्दशी में सन्ध्या-समय यन्त्र लिखे। मघा, श्रवण या रेवती-नक्षत्र के समय, सिंह राशि में चन्द्रमा के जाने पर या कर्कटस्थ रवि के समय, मीन राशि में गुरु के होने पर, वृश्चिक राशि में शनि के होने पर उत्तराभिमुख होकर लिखे और धारण करे। श्मशान, प्रान्तर (सूने मार्ग) या शून्य गृह में निशा-काल में मन्त्र लिखने से अचल सिद्धि मिलती है। भूर्ज-पत्र पर लिखे या गुरु से लिखवाये। ध्यान-धारणा के साथ भक्ति के साथ धारण करे तो शीघ्र सिद्धि मिलती है, इसमें सन्देह नहीं।

[५]

श्रीतारा-त्रैलोक्य-विजय-कवचम्

श्रीभैरव उवाच—

इत्थमभ्यर्थितः श्रीमान् शङ्करः प्रियया प्रभुः । कृपया कवचं प्राह चतुर्वर्ग-फल-प्रदम् ॥

श्रीमहादेव उवाच—

अस्ति गुह्यं महा-देवि! कवचं ब्रह्म-समितम् । तारिण्या ब्रह्म-रूपिण्या उग्रापत्-तारणं नृणां ॥
त्रैलोक्य-विजयं नाम कवचं मन्त्र-विग्रहं । सर्व-शक्ति-मयं देवि ! सर्वारिष्ट-विमर्दकम् ॥

विनियोग—ॐ त्रैलोक्य-विजय-कवचस्यास्य श्रीअक्षोभ्य ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, श्रीतारिणी देवता, ह्रीं बीजं, त्रीं शक्तिः, हूं कीलकं, अमुक-विजय-कामे पाठे विनियोगः ।

ऋष्यादि-न्यास—श्रीअक्षोभ्य-ऋषये नमः शिरसि । अनुष्टुप्-छन्दसे नमः मुखे । श्रीतारिणी-देवतायै नमः हृदि । ह्रीं-बीजाय नमः गुह्ये । त्रीं-शक्तये नमः नाभौ । हूं-कीलकाय नमः पादयोः । अमुक-विजय-कामे पाठे विनियोगाय नमः अञ्जलौ ।

ब्रह्म-विष्णु-महेशाद्यास्त्रिदशाः सर्व-सिद्धयः । माहेश्वरी-भयङ्कर्यौ नारसिंही तथैव च ॥
कुल्लुकाः स्युर्महोग्रायाः सर्व-तन्त्रेषु गोपिता । वासुदेवो हरो ब्रह्मा तारिणी प्रकृतिः सदा ॥
एक-मूर्तिः सदा चिन्त्या एक-मूर्तिस्तु संस्थिता । तां च श्रीमूर्तिमूर्धाधः संयोज्य मध्य-देशतः ॥
कुल्लुका त्रिविधा चर्या प्रत्येकं त्र्यक्षरी सदा । माहेश्वरीति विख्याता श्रीमत्कुल्लुक-तारिणी ॥
ऊर्ध्वं रक्षतु सा नित्यं चतुर्वर्ग-फलाप्तये । महा-मेघ-प्रभां श्यामां कला-बाहु-समन्विताम् ॥
खड्ग-कर्त्रि-धरां पीत-वस्त्रां शवासनां स्मरेत् । प्रणवं भुवनेशानीमनन्ताद्यं शिवं तथा ॥
बिन्दु-नाद-समायुक्तं कूर्म-बीजं तदन्तरम् । नमस्तारायै सकल-दुस्तराँस्तारय-द्वयम् ॥
स्वाहान्तोऽयं भयङ्करो श्रीमद्-भुवन-तारिणी । श्यामां द्वादश-हस्तां च रक्त-वस्त्रां शवासनां ॥
खड्ग-कर्त्रि-धरां नित्यां संस्मरेद् हृदयाम्बुजे । कूर्चं नृसिंहं क्रों कूर्चं लज्जास्त्रं च कूर्चकं ॥
नारसिंहीति विख्याता श्रीमत्सङ्कट-तारिणी । श्यामां दश-भुजां खड्ग-कर्त्रि-हस्तां शवासनां ॥
शुक्ल-वस्त्रां सदा ध्यायेन्मूलाधार-निवासिनीं । शिरो मे सततं पातु हसौं कुल्लुक-तारिणी ॥
शिखां मे पातु कलह्रीं देवी या ब्रह्म-तारिणी । शिरसो दक्षिणे भागे हसस्त्रीं वज्र-तारिणी ॥
पातु मां वाम-भागे तु वं सहूं दुर्ग-तारिणी । शिरसः पश्चिमे भागे रक्ष फट् उग्र-तारिणी ॥

षडक्षरी कुल्लुकेशी विजयानन्द-तारिणी । खड्गाम्भोज-वराभीति-धारिणी मां सदाऽवतु ॥
मणि-धरि वज्रिणि ह्रीं हूं त्रीं सर्व-वशङ्करि । प्रति-सरे रक्ष रक्ष मां ह्रीं हूं हूं फट् स्वाहया ॥
शिखा-ग्रन्थि-स्थिताऽव्यान्मां देवी श्रीमणि-तारिणी ॥

ॐ ह्रीं हूं क्ष्रौं सर्व-विघ्नानुत्सादय विदारय । हूं फट् स्वाहा विघ्न-तारा दिक्षु मां पातु सर्वदा ॥
ॐ ह्रीं स्त्रीं आः सुरेखे हूं वज्ररेखे ठः हूं फट् स्वाहा पातु भुवि प्रीता मां सुरेखोग्र-तारिणी ॥

इत्यष्टौ कुल्लुकामन्त्रान् विन्यस्य साधकोत्तमः । चतुरशीति-भेदांस्तान् मूलस्थान् विग्रहे न्यसेत्॥
ॐशिरो मे ह्रींस्त्रींहूं फट् पातु मां पञ्चतारिणी । या देव्येक-जटा नाम त्रैलोक्ये जाड्य-हारिणी॥
नेत्रयो ह्रींस्त्रींहूं पातु नीलादेवी त्रिलोचना । भाले श्रींह्रींस्त्रींहंसः हूं फट् स्वाहा भीम-तारिणी॥
भ्रुवोर्मध्यं पातु नित्यं ॐह्रींहंसः सह्रीं सहुं । फट् स्वाहा ज्ञान-तारा या अज्ञानेन्धनदाहिनी॥
ॐह्रींहंसः श्रींहंसः स्त्रींहूंफट् श्रीं प्राण-तारिणी । पातु मां नासिका-मध्ये सर्वापत्क्षय-कारिणी॥
क्लींह्रींस्त्रींहूं ॐक्लींहूंफट् पातु मोहन-तारिणी । मुख-पद्मेऽकुशाम्भोज-वराभय-कराम्बुजा ॥
ॐह्रींहूंफट् पातु ओष्ठं लंबोष्ठी विश्व-मोहिनी । आंह्रींऐं हूं हूं हसस्त्रीं फट् अधरं पातु मे सदा॥
अनन्त-तारिणी देवी भोग-मोक्ष-फल-प्रदा । ऐंॐहूंऐं स्त्रीं ह्रीं फट् हूं ऐं वाक्-तारिणी परा ॥
मां पातु वाक्-प्रदा देवी वचने मङ्गल-प्रदा । ॐ तारे स्त्रीं महा-तारे हूं तारिण्युग्र-तारिणी ॥
रक्ष रक्ष जगत्तारे हूं फट् तारिणी पाहि मां, ॐह्रींश्रींक्रींस्त्रींह्रीं फट् ऐंह्रीं वद वाग्विभवप्रदे॥
सर्वज्ञाज्ञापय स्त्रींहूं जिह्वां मे रक्ष तारिणी । ऐंह्रींहूंस्त्रीं हसस्त्रीं फट् चांचीं चंडोग्र-तारिणी ॥
पातु मे चिबुकं देवी चण्ड-भीति-विनाशिनी, ॐकलह्रीं हूं हसस्त्रीं क्लीं क्लीं फट् कालतारिणी ॥
कपोलौ पातु मे उग्रा स्वर्णाभा नाग-कुण्डला । ॐयुंहूंहूंश्रीं हसस्त्रीं क्लींह्रींहंह्रींहूं फट् ऐं सदा ॥
कर्णौ पातु महा-माया विद्या श्रीशब्द-तारिणी । ॐश्रींग्लौंगंहूं हसस्त्रीं ऐं गण्डौ पातु मे सदा ॥
पद्म-युग्म-वराभीति-धारिण्यभय-तारिणी, ॐक्लीं किलि किलि स्त्रीं फट् कण्ठं पातु सु-तारिणी॥
श्रींश्रींह्रींऐंस्त्रींचलूं हसस्त्रींहूं फट् स्त्रींहूंक्षेंहूं करालिनी, रक्ष रक्ष महा-तारे हूंफट् स्वाहा ककुत्स्थलं
ॐक्रींह्रींस्त्रींहूं हसस्त्रींहूंफट् ग्रीवां रक्ष तारिणी, ॐह्रींहूंक्रीं क्लींहसस्त्रीं भस्त्रीं भस्त्रीं जये जये॥
महोग्रे पिङ्गल-जटे ह्रींस्त्रींहूं फट् स्वाहाऽवतु । स्कन्धौ मे जयदा पातु देवी विजय-तारिणी ॥
ॐ हूं ह्रीं क्रीं द्रां द्रीं क्लूं हंसः हूं फट् । बाहु-मूले पातु नित्यं मम सा जय-तारिणी ॥
ॐ द्रां द्रीं द्राविणि क्लिन्ने द्रावय द्रावय द्रुतं । सर्व-शत्रून् महा-माये महा-तारिणि ह्रीं सह्रीं ॥
फट् स्वाहा बाहु-मध्यं मे पातु विद्राव-तारिणी ॥

ॐह्रींक्षं भमलवरयूं श्रींक्ष्रींहूंसह्रीं सः फट् । करौ पातु सिद्धि-तारा मम सर्वार्थ-साधिनी ॥

आंह्रींक्रों हूं हसस्त्रीं फट् अंगुली ऋद्धि-तारिणी। ॐखफ्रेंस्त्रींहूं हंसः क्ष्रीं नखानखण्ड-तारिणी॥
ॐह्रींहूं द्रांद्रीं हूंच्लूं स्त्रीं सः खफ्रें चण्ड-योगिनि। योगेश्वरि महा-तारे तारकासुर-मर्दिनि॥
मर्दय प्रमथान् दुष्टान् मम शत्रून् विदारय। शोषय त्रोटय क्षां क्ष्रीं धूं धूं बन्धय बन्धय॥
सर्वारिष्टं संहर स्त्रीं करौ महोग्र-तारिणी। पातु मे विजयानन्द-दायिनी खड्ग-धारिणी॥
ॐ स्त्रीं हूं यरलवसहूं हसक्षमलवरयूं ह्रीं ह्रीं। ॐ कुक्षि-देशं मे पातु योगिनी-तारिणी॥

ॐ ह्रीं ह्रीं हूं हूं स्त्रीं स्त्रीं सः क्लीं क्लीं विमोक्षदे हंसः।
क्लीं स्ह्रीं पाहि मां पाश्वौंभृगु-तारिणी स्वाहा हंसः॥

ॐ ह्रीं स्त्रीं हूं फट् सोऽहं महोग्र-तारिणी। पाहि मां हृदयासन्ना प्राण-शक्त्युप-वृंहिता॥
ॐ तारे तारय त्रींहूं हंसस्त्रैलोक्य-त्राण-कारिणी। हूं फट् स्वाहा स्तन-द्वन्द्वं रक्ष मे विजय-प्रदे॥
ॐ क्षां हूं कलहस्त्रीं फट् काल-रुद्र-निवारिणी। रक्ष रक्ष हूं फट् ऐं हूं उदरं रुद्र-तारिणी॥
ॐह्रींभस्त्रीं हसस्त्रीं फट् नाभिं मे जीव-तारिणी। ह्रींक्लींहूं सहस्त्रीं फट् लिङ्गं प्रजन-तारिणी॥
ॐ ह्सौंह्रींहसस्त्रीं हूंहूंक्लींस्त्रीं फट् सदा मम। आधारं पातु सा देवी त्रैलोक्याधार-तारिणी॥
ॐहूंह्रींस्त्रीं जम्भिनि श्रींह्रीं वशिनि क्लीं मोहिनि। ॐद्रां द्राविणि मे शत्रून्हन द्रावय मोहय॥
क्षोभय क्षोभय हूं हूं द्रुतं जम्भय जम्भय। तारे तारिणि रुद्रास्थि-धारिणि ब्रह्म-रूपिणि॥
